**सुविचार**

**कड़वा सत्य**

इतनी जल्दी दुनिया की कोई चीज नहीं बदलती जितनी जल्दी इंसान की नजरें और नियत बदल जाती है।



7 दिल्ली कैपिटल्स की कप्तान जेमिमा पर लगा जुर्माना




## खबर संक्षेप

### बिना संगम स्नान किए लौटे शंकराचार्य

**प्रयागराज।** शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद ने बिना संगम स्नान ही माघ मेला छोड़ दिया है। बुधवार सुबह माघ मेला से निकलने से पहले वह भावुक भी नजर आए। कहा कि अभी तक जितने भी दुख मिले, उन सभी दुखों से बिना स्नान माघ मेला छोड़ने का दुख सबसे बड़ा हो गया है। इस दुख की भरपाई पता नहीं कब होगी। *एजेंसी*

### गर्भवती युवती को जलाने वाले प्रेमी को उम्रकैद

**सोनीपत।** जिला न्यायालय ने गर्भवती युवती पर पेट्रोल डाल जलाकर मारने के आरोपी प्रेमी को उम्रकैद व 40 हजार जुर्माने की सजा सुनाई है। मामला 28 अगस्त, 2021 का है, जब राहुल ने प्रगति पर पेट्रोल डालकर आग लगा दी थी। वह 90 फीसदी जल गई थी। वह आठ माह की गर्भवती थी और उसके बच्चे की भी मौत हो गई थी। अदालत ने राहुल को हत्या व गर्भ में बच्चे की मौत के लिए दोषी माना। *एजेंसी*

## रोहतक में सेक्टर 6 के लिए अधिग्रहित जमीन से नहीं कटेंगे 12000 पेड़

# हाईकोर्ट की रोक, कहा-क्या आप नहीं चाहते आपके बच्चे, पोते-पोतियां जिंदा रहें

**चंडीगढ़ (ब्यूरो)।** पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट ने रोहतक में सेक्टर 6 के लिए 2002 में अधिग्रहित 38 एकड़ भूमि के ग्रीन एरिया में पेड़ों की कटाई पर रोक लगा दी है। हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस शील नागू खुद इस मामले की सुनवाई कर रहे हैं। चीफ जस्टिस की अध्यक्षता वाली पीठ ने इस मामले में तीखी टिप्पणी की है। उन्होंने कहा है कि आप रोहतक शहर के भीतर ही ये पेड़ क्यों काट रहे हैं? क्या आप नहीं चाहते कि आपके बच्चे या आपके पोते-पोतियां जिंदा रहें? यह टिप्पणी उस समय सामने आई जब कोर्ट को बताया गया कि व्यावसायिक विकास के लिए 12 हजार से अधिक पूरी तरह विकसित और प्राकृतिक रूप से उगे पेड़ों की कटाई की जा रही है। कोर्ट ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि फिलहाल राज्य के संबंधित प्राधिकारी इस क्षेत्र में किसी भी तरह की आगे की पेड़ कटाई नहीं करेंगे।


**कोर्ट ने कहा**-प्राधिकारी इस क्षेत्र में किसी भी तरह की कटाई नहीं करेंगे

यह एक घना वन क्षेत्र जो अधिनियम 1980 के तहत संरक्षण का पात्र

बिना केंद्र सरकार की इजाजत के कटाई क्यों की, जवाब दायर करें

### याचिका में दी गई ये दलीलें

याचिकाकर्ता निखिल गोयल के वकील ने इस क्षेत्र को शहर के फेफड़े बताते हुए दलील दी कि यह भूमि वर्ष 2002 में व्यावसायिक सेक्टर विकसित करने के लिए अधिग्रहित की गई थी, लेकिन पिछले दो दशकों से इसका कोई उपयोग नहीं हुआ। इस दौरान यहां प्राकृतिक रूप से एक घना वन विकसित हो गया, जो 5 हेक्टेयर से अधिक क्षेत्र में फैला है और इस कारण वन संरक्षण अधिनियम, 1980 के तहत संरक्षण का पात्र है।



### नोटिफिकेशन का दिया हवाला

वकील ने हरियाणा सरकार की 18 अगस्त 2025 की अधिसूचना का हवाला देते हुए कहा कि यदि कोई भूमि न्यूनतम 5 हेक्टेयर क्षेत्रफल में प्राकृतिक रूप से वन स्वरूप ले लेती है, तो उसे वन माना जाएगा। रोहतक का यह हरित क्षेत्र इस सीमा से कहीं अधिक है। उन्होंने आरोप लगाया कि बिना केंद्र सरकार की अनुमति के पेड़ों की कटाई शुरू कर दी गई और 19 जनवरी 2026 से सक्रिय कटाई के फोटो भी रिकार्ड पर मौजूद हैं। हाईकोर्ट ने मामले की सुनवाई 18 फरवरी तक स्थगित करते हुए सभी पक्षों को नोटिस जारी कर जवाब भी दायर करने का आदेश दिया है।

**हाईकोर्ट ने पूछा एनजीटी का दरवाजा क्यों नहीं खटखटाया**

हाईकोर्ट की पीठ ने एक महत्वपूर्ण कानूनी प्रश्न भी उठाया कि क्या यह मामला संविधान के अनुच्छेद 226 के तहत हाईकोर्ट में सुना जाना चाहिए या फिर इसे राष्ट्रीय हरित अधिकरण (एनजीटी) के समक्ष ले जाया जाना अधिक उपयुक्त होगा। चीफ जस्टिस ने याचिकाकर्ता से पूछा कि यह विशुद्ध रूप से पर्यावरण से जुड़ा मामला है, ऐसे में एनजीटी का दरवाजा क्यों नहीं खटखटाया गया। कोर्ट ने हरियाणा सरकार को निर्देश दिया कि वह रिकार्ड पर यह स्पष्ट करें कि संबंधित क्षेत्र में पेड़ों की कटाई के लिए यदि कोई अनुमति ली गई है, तो उसके सभी दस्तावेज पेश किए जाएं।

## जीपीआरएस के लिए टेंडर प्रक्रिया में अनियमितताएं

# करोड़ों के घोटाले की आशंका डिप्टी डायरेक्टर पर एफआईआर

**चंडीगढ़ (ब्यूरो)।** हरियाणा में आर्कियोलॉजी एंड म्यूजियम विभाग की डिप्टी डायरेक्टर डॉ. बनानी भट्टाचार्य के खिलाफ हरियाणा स्टेट विजिलेंस ब्यूरो एंड एंटी करप्शन ब्यूरो की पंचकूला यूनिट ने मामला दर्ज किया है। एफआईआर में बनानी भट्टाचार्य पर आरोप है कि उन्होंने 2023-24 में ग्राउंड पेनेट्रेशन रडार सर्वे (जीपीआरएस) के लिए टेंडर प्रक्रिया में अनियमितताएं कीं, जिससे एक पसंदीदा एजेंसी को अनुचित लाभ हुआ। इसके अलावा, बाजार दर से दोगुनी कीमत पर काम आवंटित किया, जिससे सरकार को वित्तीय नुकसान हुआ। डिप्टी डायरेक्टर के पद पर उनकी नियुक्ति में भी नियमों का उल्लंघन किया गया, और उन्हें अवैध रूप से कॉन्ट्रैक्ट एक्सटेंशन दिए गए। एफआईआर में बनानी भट्टाचार्य के साथ कानपुर के रहने वाले जावेद का भी नाम है। स्टेट विजिलेंस एंड एंटी करप्शन ब्यूरो एसपी पंखुड़ी कुमार ने कहा कि एफआईआर दर्ज कर ली गई है और मामला अभी बहुत शुरुआती चरण में है। अब तक कोई गिरफ्तारी नहीं हुई है और आगे की जांच जारी है।



पसंदीदा एजेंसी को दिए टेंडर

जानबूझकर टेंडर की जानकारी खुले बाजार में नहीं दी

बाजार दर से दोगुनी कीमत पर काम आवंटित किया

### टेंडर देने के नियमों का खुला उल्लंघन

विजिलेंस के एसपीआईओ शुक्रपाल ने शिकायत में कहा कि डॉ. भट्टाचार्य ने 2023-24 में ग्राउंड पेनेट्रेशन रडार सर्वे (जीपीआरएस) करते वक्त पैसे का गलत इस्तेमाल किया। उन्होंने टेंडर के नियमों को तोड़ा और एक खास कंपनी को फायदा पहुंचाया। उन्होंने खरीद प्रक्रिया को अपने कंट्रोल में रखा और जानबूझकर टेंडर की जानकारी खुले बाजार में नहीं दी। किसी भी मीडिया में टेंडर का विज्ञापन नहीं किया गया, जिससे लोगों को इसकी जानकारी नहीं मिल पाई। विभाग ने आरटीआई के जवाब में माना कि टेंडर का विज्ञापन नहीं किया गया था।

### वित्त विभाग के नियम तोड़े

आरोप है कि विभाग ने हरियाणा के वित्त विभाग के नियमों को तोड़े बिना ही जीपीआरएस सेवाओं को खरीदना शुरू कर दिया। एफआईआर में कहा गया है कि डॉ. भट्टाचार्य ने बिना किसी वजह या मंजूरी के खरीद के नियमों का उल्लंघन किया। उन्होंने केंद्रीय सतर्कता आयोग (सीवीसी) के नियमों का पालन नहीं किया और गवर्नमेंट ई-मार्केटप्लेस पोर्टल से खरीदारी के जरूरी निर्देशों को भी नहीं माना।

## ऑस्ट्रेलियाई ओपन टूर्नामेंट में सिनर से मुकाबला

# भाग्य के सहारे जोकोविच, सेमीफाइनल में पहुंचे, लोरेंजो मुसेटी चोट लगने से बाहर

**मेलबर्न (एजेंसी)।** रिकॉर्ड 10 बार ऑस्ट्रेलियाई ओपन टेनिस टूर्नामेंट के विजेता 38 वर्षीय नोवाक जोकोविच को भाग्य का एक बार फिर साथ मिला है। वह टूर्नामेंट के अंतिम चार में जगह बनाने में सफल हो गए हैं। जोकोविच पहले दो सेट हार गए थे और वह घर वापस लौट के बारे में सोचने लग गए थे लेकिन तभी भाग्य ने पलटी खाई क्योंकि पांचवीं वरीयता प्राप्त लोरेंजो मुसेटी चोट के कारण टूर्नामेंट से हट गए। वहीं, दूसरी ओर विश्व के दूसरे नंबर के खिलाड़ी और पिछले दो बार के चैंपियन यानिक सिनर (24 साल)



ने सीधे सेटों में जीत दर्ज करके ऑस्ट्रेलियाई ओपन टेनिस टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में प्रवेश किय। अब उनका मुकाबला जोकोविच से होगा। *(खेल पेज भी देखें)*

# सीडीएलयू की छात्रा ने फंदा लगाकर की आत्महत्या

**सिरसा।** चौ. देवीलाल विश्वविद्यालय सिरसा की एक छात्रा ने बुधवार को पीजी में फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली है। बताया जा रहा है कि छात्रा बीएससी अंतिम वर्ष में पढ़ रही थी।

- सुबह यूनिवर्सिटी गई, तुरंत लौट आई

छात्रा मीनाक्षी सीमावर्ती राज्य पंजाब के खैरा गांव की रहने वाली थी और सिरसा में एक पीजी में रह रही थी। सुबह यूनिवर्सिटी के लिए गई थी, लेकिन कुछ समय बाद वह वापस पीजी में लौट आई। मीनाक्षी ने पीजी में दुपट्टे से फांसी लगा ली। सूचना मिलने पर पुलिस टीम घटनास्थल पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर नागरिक अस्पताल में पहुंचाया जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक छात्रा के पिता सिरसा में एसपीओ हैं। पुलिस ने पीजी में साथ रहने वाली अन्य छात्राओं से पूछताछ की तो उन्होंने बताया कि मीनाक्षी सुबह यूनिवर्सिटी में गई थी, उस समय वह बिल्कुल ठीक थी। अभी तक आत्महत्या के कारणों का पता नहीं चल पाया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# अब रोबोट करेंगे गाड़ियों के धुएं की जांच, पीयूसी में खत्म होगा फर्जीवाड़ा

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** दिल्ली सरकार प्रदूषण जांच (पीयूसी) की पूरी व्यवस्था को बदलने की तैयारी कर रही है। अब सड़क किनारे बने छोटे बूथों की जगह बड़े और सेंट्रलाइज्ड सेंटर ले सकते हैं। सरकार 'पीयूसी 2.0' मॉडल पर काम कर रही है, जहां इंसानों की जगह टेक्नोलॉजी फैसले लेगी। सरकार का मकसद जांच में इंसानी दखल को कम से कम करना है। इसके लिए रोबोटिक्स और सेंसर आधारित तकनीक का इस्तेमाल किया जाएगा, जो रियल टाइम में गाड़ियों से निकलने वाले धुएं की जांच करेंगे।

**छोटे बूथों की जगह ले सकते हैं बड़े और सेंट्रलाइज्ड सेंटर**

# यूजीसी के नए रेगुलेशन के खिलाफ याचिका पर सुनवाई करेगा सुप्रीम कोर्ट

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** यूनिवर्सिटी ग्रांट्स कमीशन (यूजीसी) के एक रेगुलेशन का विवाद सुप्रीम कोर्ट पहुंच चुका है। सुप्रीम कोर्ट ने एक याचिका पर सुनवाई के लिए सहमति दे दी, जिसमें यूजीसी के रेगुलेशन को चुनौती दी गई है। याचिका में कहा गया है कि इस रेगुलेशन में जाति-आधारित भेदभाव की परिभाषा गैर-समावेशी है और यह कुछ खास कैटेगरी को संस्थागत सुरक्षा से बाहर रखता है। चीफ जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस जॉयमाल्य बागची की बेंच ने एक वकील की दलीलें सुनीं, जिन्होंने याचिका पर तुरंत सुनवाई की मांग की थी।

**सीजेआई बोले- हमें पता है क्या हो रहा? कमियां दूर की जाएं**

## बजट उम्मीद — गिग अर्थव्यवस्था के विस्तार से पैदा हुई नई चुनौतियां

**इससे गलतियों की गुंजाइश हो जाएगी कम**

# कई जगहों से कमाने वालों के लिए भी हो ऑटोमैटिक आय रिपोर्टिंग

रोहतक ▶▶| सेंट्रल डेस्क

बजट में आम लोग छूट व कर कटौती के अलावा नियमों का सरलीकरण भी चाहते हैं। असल में वेतनभोगियों के लिए आयकर रिटर्न दाखिल करना अपेक्षाकृत सरल रहा है। मुख्यतः नियोक्ता द्वारा दिए गए फॉर्म 16 और आय व कटौतियों से संबंधित पहले से भरे हुए आंकड़ों के कारण त्रुटि की गुंजाइश कम रहती है। समस्या औपचारिक वेतन प्रणाली के बाहर अधिक महसूस होती है। गिग अर्थव्यवस्था के विस्तार ने नई जटिलताएं पैदा कर दी हैं। फ्रीलांसर, प्लेटफॉर्म-आधारित कर्मचारी और अन्य समान कार्यबल अक्सर कई स्रोतों से आय अर्जित करते हैं, विभिन्न टीडीएस दरों का सामना करते हैं और बिखरे हुए डिजिटल भुगतानों का हिसाब रखना पड़ता है। इसमें यदि क्रिप्टोकरेंसी से होने वाली आय भी जोड़ दी जाए, तो अनुपालन उनके लिए बोझिल हो जाता है। युवा करदाता तकनीक-प्रेमी होने के बावजूद अग्रिम कर, अलग-अलग टीडीएस दरें, जीएसटी से जुड़ाव और विस्तृत रिपोर्टिंग शेड्यूल जैसी कर संबंधी अवधारणाओं से जूझते हैं। जटिलता जानकारी की कमी से नहीं, बल्कि इस कारण है कि मौजूदा कर प्रणाली आधुनिक आय पैटर्न को ठीक से प्रतिबिंबित नहीं करती।

### रिफंड प्रक्रिया की पारदर्शी ट्रैकिंग हो

रिफंड में देरी करदाताओं की प्रमुख चिंता बनी हुई है। हालांकि प्रक्रिया में उल्लेखनीय सुधार हुआ है, फिर भी रियल-टाइम ट्रैकिंग करदाताओं का भरोसा और बढ़ा सकती है। रिफंड की स्थिति, संभावित समय-सीमा और देरी के कारणों को दिखाने वाला एक सरल इंटरफेस चिंता को कम करेगा।

### सरल भाषा में हो कर संहिता

क्रिप्टो लेनदेन, विदेशी आय या गिग आय से संबंधित कर नियमों में स्पष्टता भी महत्वपूर्ण है। स्पष्ट व्याख्याओं के साथ जटिल शब्दावली से मुक्त कर संहिता अनुपालन को सरल बना सकती है। आयकर अधिनियम, 2025 कर कानूनों को सरल बनाने की दिशा में मंच तैयार करता है। हालांकि भारत का अगला कर सुधार तकनीक पर नहीं, बल्कि डिजाइन पर केंद्रित होगा। स्वचालन, निर्धारित समय-सीमा और उपयोगकर्ता-अनुकूल प्रक्रियाएं अनुपालन को एक सहज अनुभव में बदल सकती हैं। एक सरल, तेज और पारदर्शी प्रणाली विश्वास पैदा करेगी।



